सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक 05.04.2024

STF कानपुर एवं थाना कालपी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा डीजल/पेट्रोल टैंकर चालकों की मिली भगत से तेल चोरी से निकालकर आस पास के जनपदों सप्लाई करने वाले गैंग के 05 सदस्य गिरफ्तार कर कब्जे से 2800 लीटर डीजल, 440 लीटर पैट्रोल, एक अदद टैंकर डीजल भरा हुआ, एक अदद छोटा हांथी लोडर, 04 अदद मोबाइल फोन व 8070/- रूपये नगद बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 04/05.04.2024 की रात्रि में STF कानपुर एवं थाना कालपी पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर टैंकर चालकों की मिली भगत से तेल चोरी से निकालकर आस पास के जनपदों में सप्लाई करने वाले गैंग के 05 सदस्यों को चौहान ढाबा के आगे कानपुर झांसी हाईवे के पास बने हाता से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी का ड्रमों में भरा हुआ डीजल, पेट्रोल एवं एक अदद छोटा हाथी लोडर मोबाईल फोन व 8070 रूपये नगद एवं तेल निकालने में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुये है जिसके संबन्ध में थाना कालपी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त सैफ अली ने पूँछताछ में बताया कि हमलोग कई वर्षो से डीजल/पेट्रोल टैंकर के ड्राइवरों से मिलकर डीजल व पेट्रोल चोरी करते है एवं चोरी कर टैंकरों से निकाले गये पेट्रोल व डीजल को ड्रमों में इकट्ठा करवाकर स्थानीय लोगों को 70 रूपये प्रति लीटर के हिसाब से डीजल व 80 रूपये के हिसाब से पेट्रोल को बेंचते है। आज भी हम लोग इस टैंकर से डीजल को निकाल कर ड्रम में इकट्ठा कर रहे थे, तभी आप लोगों के द्वारा हम लोगों को पकड़ लिया गया।

बरामदगी विवरण-

1- 14 अदद ड्रम डीजल लगभग 2800 लीटर डीजल।

2- 02 अदद ड्रम पैट्रोल व 01 अदद जरी केन पेट्रोल लगभग 440 लीटर पैट्रोल।

3- एक अदद टैंकर डीजल भरा हुआ, 03 पाइप एक इंच, 02 अदद बड़ी कीप व 01 अदद छोटी कीप, 01 अदद नपता 5 लीटर, 01 अदद नपता एक लीटर,

4- एक अदद छोटा हांथी लोडर

5- 04 अदद मोबाइल फोन व 8070/- रूपये नगद

गिरफ्तार अभियुक्तगण

1- भूरा पुत्र गफ्फार निवासी राजघाट कालोनी ब्लाक 7 कालपी

2- बरकत अली पुत्र शौहरत अली निवासी भट्टीपुरा कालपी

3- इरफान खान पुत्र इकराम खान निवासी सदर बाजार कालपी

4- मुस्ताक पुत्र कल्लू निवासी मिर्जा मंडी कालपी

5- सैफ अली पुत्र रिफाकत अली निवासी भट्टीपुरा कालपी

पुलिस टीम

1- STF कानपुर टीम

2-थाना कालपी पुलिस टीम